**भारत सरकार**

**आयुष मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1723**

**16 दिसम्बर, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**विदेशी नागरिकों के लिए आयुष वीजा**

**1723. श्री नारणभाई काछड़िया:**

**श्री एस. रामलिंगम:**

**श्री परबतभाई सवाभाई पटेल:**

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने भारतीय आयुष चिकित्सा पद्धति का लाभ प्राप्त करने हेतु विदेशी नागरिकों के लिए एक विशेष आयुष वीजा श्रेणी आरंभ की है/आरंभ करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) इस श्रेणी के अंतर्गत कितने वीजा आवेदन प्राप्त हुए हैं;

(ग) क्या सरकार ने विदेशी नागरिकों का विश्वास जीतने/हासिल करने के लिए उच्च्तम गुणवत्तायुक्त आयुष चिन्ह वाले और आधुनिक प्रौद्योगिकी से युक्त आयुष उत्पादों के उत्पादन के लिए कोई पहल की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और आयुष उत्पादों पर 'आयुष मार्क' आरंभ करने की स्थिति क्या है;

(घ) क्या सरकार का जिला स्तर पर आयुष चिकित्सा पद्धतियों पर आधारित अनुसंधान संस्थानों की स्थापना करने का विचार है और यदि हां, तो इनकी स्थापना कब तक किए जाने की संभावना है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) क्या सरकार का अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए आयुष पार्कों की स्थापना करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

(क): गांधीनगर, गुजरात में 20.04.2022 को आयोजित "वैश्विक आयुष निवेश और नवाचार शिखर सम्मेलन" के उद्घाटन समारोह के दौरान, माननीय प्रधान मंत्री ने योग सहित आयुष चिकित्सा पर्यटन/शिक्षा/उपचार के लिए भारत का दौरा करने वाले पर्यटकों हेतु एक विशेष श्रेणी का आयुष वीजा आरंभ करने की घोषणा की थी तदनुसार, आयुष मंत्रालय आयुष वीजा/ई-वीजा की पृथक श्रेणी बनाने के लिए गृह मंत्रालय के साथ कार्य कर रहा है।

(ख): उपर्युक्त (क) के मद्देनजर लागू नहीं।

(ग): निर्यात को सुविधाजनक बनाने के लिए, आयुष मंत्रालय आयुष उत्पादों के निम्नलिखित प्रमाणन को प्रोत्साहित करता है जिनका ब्यौरा निम्नानुसार है:-

- जड़ी-बूटी उत्पादों के लिए डब्ल्यूएचओ दिशा निर्देशों के अनुसार भेषजीय उत्पादों का प्रमाणन (सीओपीपी)

- अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुपालन की स्थिति के अनुसार गुणवत्ता के तृतीय पक्ष आकलन के आधार पर आयुर्वेद, सिद्ध और यूनानी उत्पादों के लिए आयुष प्रीमियम मार्क प्रदान करने हेतु भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) द्वारा गुणवत्ता प्रमाणन योजना क्रियान्वित की गई है।
- आयुष मंत्रालय द्वारा आयुष औषधि गुणवत्ता एवं उत्पादन संवर्धन योजना (एओजीयूएसवाई) नामक केंद्रीय क्षेत्र योजना क्रियान्वित की गई है जिसे 16.03.2021 को स्थायी वित्त समिति (एसएफसी) द्वारा मंजूरी दी गई थी। यह योजना बीआईएस, क्यूसीआई और अन्य संगत वैज्ञानिक संस्थानों तथा औद्योगिक आर एंड डी केंद्रों के सहयोग से आयुष उत्पादों और सामग्रियों के मानकों के विकास और उनके प्रत्यायन/प्रमाणन के लिए सहायता देती है।

(घ): आयुर्वेद, यूनानी और सिद्ध आदि के जिलावार अनुसंधान संस्थानों की स्थापना का कोई प्रस्ताव नहीं है। तथापि सीसीआरएएस, सीसीआरयूएम, सीसीआरएच, सीसीआरएस और सीसीआरवाईएन के अधीन क्रियाशील मौजूदा अनुसंधान संस्थानों/केंद्रों/इकाइयों की सूची **संलग्नक** पर है।

(ड़): आयुष मंत्रालय द्वारा आयोजित "वैश्विक आयुष निवेश और नवाचार शिखर सम्मेलन" के उद्घाटन समारोह के दौरान, माननीय प्रधान मंत्री ने "आयुष पार्क" की घोषणा की थी जिसमें अनुसंधान सहित आयुष के संवर्धन के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया जा सकता है। आयुष मंत्रालय आयुष पार्कों की संकल्पना के लिए कार्य कर रहा है।

*****

**संलग्नक**

**सीसीआरएएस के अंतर्गत आयुर्वेदिक अनुसंधान केन्द्रों/संस्थानों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार सूची**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | संस्थान/केंद्र का नाम |
|---|---|---|
| 1. | अंदमान और निकोबार द्वीप | क्षेत्रीय आयुर्वेदीय अनुसंधान संस्थान, पोर्ट ब्लेयर |
| 2. | आंध्र प्रदेश | क्षेत्रीय आयुर्वेदीय अनुसंधान संस्थान, विजयवाड़ा |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | क्षेत्रीय आयुर्वेदीय अनुसंधान संस्थान, ईटानगर |
| 4. | असम | केंद्रीय आयुर्वेदीय अनुसंधान संस्थान, गुवाहटी |
| 5. | बिहार | क्षेत्रीय आयुर्वेदीय अनुसंधान संस्थान, पटना |
| 6. | दिल्ली | केंद्रीय आयुर्वेदीय अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली |
| 7. | गोवा | क्षेत्रीय आयुर्वेद खनिज एवं समुद्री औषधीय संपदा अनुसंधान संस्थान, गोवा |
| 8. | गुजरात | क्षेत्रीय आयुर्वेदीय अनुसंधान संस्थान, अहमदाबाद |
| 9. | हिमाचल प्रदेश | क्षेत्रीय आयुर्वेदीय अनुसंधान संस्थान, मंडी |
| 10. | जम्मू - कश्मीर | क्षेत्रीय आयुर्वेदीय अनुसंधान संस्थान, जम्मू |
| 11. | कर्नाटक | केंद्रीय आयुर्वेदीय अनुसंधान संस्थान, बैंगलुरू |
| 12. | केरल | राष्ट्रीय आयुर्वेद पंचकर्म अनुसंधान संस्थान, चेरुथुरुथी |
| 13. | | क्षेत्रीय आयुर्वेदीय अनुसंधान संस्थान, तिरूवंतपुरम |
| 14. | मध्य प्रदेश | क्षेत्रीय आयुर्वेदीय अनुसंधान संस्थान, ग्वालियर |
| 15. | महाराष्ट्र | राजा रामदेव आनंदीलाल पोद्दार (आरआरएपी) केंद्रीय आयुर्वेदीय अनुसंधान संस्थान, मुम्बई |
| 16. | | क्षेत्रीय आयुर्वेदीय अनुसंधान संस्थान, नागपुर |
| 17. | | क्षेत्रीय आयुर्वेदीय अनुसंधान संस्थान, पुणे |
| 18. | नागालैंड | क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान केंद्र, दीमापुर, नागालैंड |
| 19. | ओडिशा | केंद्रीय आयुर्वेदीय अनुसंधान संस्थान, भुवनेश्वर |
| 20. | पंजाब | केंद्रीय आयुर्वेदीय अनुसंधान संस्थान, पटियाला |
| 21. | राजस्थान | एम.एस . क्षेत्रीय आयुर्वेदीय अनुसंधान संस्थान, जयपुर |
| 22. | सिक्किम | क्षेत्रीय आयुर्वेदीय अनुसंधान संस्थान, गंगटोक |
| 23. | तमिलनाडु | कैप्टन श्रीनिवास मूर्ति केंद्रीय आयुर्वेदीय अनुसंधान संस्थान, चेन्नई |
| 24. | | डॉ. आचंट लक्ष्मीपति क्षेत्रीय आयुर्वेदीय अनुसंधान संस्थान, चेन्नई |
| 25. | तेलंगाना | राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा संपदा संस्थान, हैदराबाद |
| 26. | त्रिपुरा | क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान केंद्र, अगरतला, त्रिपुरा |
| 27. | उत्तर प्रदेश | केंद्रीय आयुर्वेदीय अनुसंधान संस्थान, झांसी |
| 28. | | क्षेत्रीय आयुर्वेदीय अनुसंधान संस्थान, लखनऊ |
| 29. | उत्तराखंड | क्षेत्रीय आयुर्वेदीय अनुसंधान संस्थान, रानीखेत |
| 30. | पश्चिमी बंगाल | केंद्रीय आयुर्वेदीय अनुसंधान संस्थान, कोलकाता |

**सीसीआरयूएम के अंतर्गत यूनानी अनुसंधान केंद्रों/संस्थानों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार सूची**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | संस्थान/केंद्र/इकाई का नाम |
|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | नैदानिक अनुसंधान इकाई, डॉ. अब्दुल हक यूनानी मेडिकल कॉलेज, कुरनूल, आंध्र प्रदेश |
| 2 | असम | क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आरआरआईयूएम), सिलचर, कछार। |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | बिहार | क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान , पटना। |
| 4 | दिल्ली | क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, ओखला, नई दिल्ली। |
| | | (आरआरआईयूएम, नई दिल्ली का विस्तार केंद्र), यूनानी चिकित्सा केंद्र, डॉ. आरएमएल अस्पताल, नई दिल्ली। |
| | | (आरआरआईयूएम, नई दिल्ली का विस्तार केंद्र), यूनानी स्पेशलिटी सेंटर, डॉ दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल, नई दिल्ली |
| | | (आरआरआईयूएम, नई दिल्ली का विस्तार केंद्र), यूनानी चिकित्सा केंद्र, सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली। |
| | | आयुष वेलनेस सेंटर, प्रेसिडेंट एस्टेट, नई दिल्ली। |
| | | एकीकृत आयुष क्लिनिक, अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, नई दिल्ली। |
| 5. | | हकीम अजमल खान इंस्टीट्यूट ऑफ लिटरेरी एंड हिस्टोरिकल रिसर्च इन यूनानी मेडिसिन, डॉ. एम. ए. अंसारी हेल्थ सेंटर, जामिया मिलिया इस्लामिया, ओखला, नई दिल्ली। |
| 6. | | औषधि मानकीकरण अनुसंधान इकाई, जनकपुरी, नई दिल्ली |
| 7. | जम्मू-कश्मीर | क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, श्रीनगर, जम्मू - कश्मीर। |
| 8. | केरल | नैदानिक अनुसंधान इकाई (यूनानी), कुरुपतिल नीना मेमोरियल, अल्वेय, केरल |
| | | यूनानी विस्तार अनुसंधान केंद्र, (नैदानिक अनुसंधान इकाई, एडथला), कन्नूर, केरल |
| 9. | कर्नाटक | नैदानिक अनुसंधान इकाई (यूनानी), नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ यूनानी मेडिसिन, बेंगलुरु |
| 10. | मध्य प्रदेश | नैदानिक अनुसंधान इकाई (यूनानी), फार्माकोलॉजी विभाग, गांधी मेडिकल कॉलेज, भोपाल। |
| 11. | | नैदानिक अनुसंधान इकाई (यूनानी), एस. एच. यूनानी तिब्बिया कॉलेज, बुरहानपुर। |
| 12. | मणिपुर | नैदानिक अनुसंधान इकाई, लम्फेलपट, इंफाल। |
| 13 | महाराष्ट्र | क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान , नवी मुंबई |
| | | आरआरआईयूएम, मुंबई का विस्तार केंद्र जे.जे. हॉस्पिटल कंपाउंड, बायकुला, मुंबई |
| 14. | ओडिशा | क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान , भद्रक |
| 15. | तमिलनाडु | क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, रॉयपुरम, चेन्नई |
| 16. | तेलंगाना | यूनानी चिकित्सा त्वक रोग अनुसंधान संस्थान (तत्कालीन यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान), एर्रागड्डा, हैदराबाद |
| 17. | उत्तर प्रदेश | केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान , बसहा कुर्सी रोड, लखनऊ |
| 18. | | क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान , अलीगढ़ |

| | | |
|---|---|---|
| 19. | | औषधि मानकीकरण अनुसंधान संस्थान, गाजियाबाद |
| 20. | | क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र (आरआरसी), करेली, इलाहाबाद |
| 21. | | नैदानिक अनुसंधान इकाई (यूनानी), छावनी जनरल अस्पताल (सोतीगंज), मेरठ |
| 22. | | रासायनिक अनुसंधान इकाई, यूनानी चिकित्सा अनुसंधान विभाग, अलीगढ़ |
| 23. | पश्चिमी बंगाल | क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान , लिलुआ, हावड़ा |

**सीसीआरएच के अंतर्गत होम्योपैथी अनुसंधान केंद्रों/संस्थानों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार सूची**

| क्र.स. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | संस्थान / केंद्र का नाम |
|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्योपैथी), तिरुपति |
| 2. | | क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्योपैथी), एलुरु रोड, गुडिवाडा |
| 3. | तेलंगाना | क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्योपैथी), हैदराबाद |
| 4. | असम | क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्योपैथी), गुवाहाटी |
| 5. | बिहार | नैदानिक सत्यापन इकाई (होम्योपैथी), पटना |
| 6. | हिमाचल प्रदेश | क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्योपैथी), नया शिमला |
| 7. | झारखंड | नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्योपैथी), रांची |
| 8. | केरल | राष्ट्रीय होम्योपैथी मानसिक स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान, कोट्टायम |
| 9. | महाराष्ट्र | क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्योपैथी), मुंबई |
| 10. | मणिपुर | क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्योपैथी), इंफाल |
| 11. | मिजोरम | नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्योपैथी), दवारपुई, आइजोल |
| 12. | नागालैंड | नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्योपैथी), दीमापुर, नागालैंड |
| 13. | ओडिशा | क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्योपैथी), और विस्तार केंद्र, पुरी |
| 14. | राजस्थान | केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान, जयपुर |
| 15. | सिक्किम | नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्योपैथी), गंगटोक |
| 16. | तमिलनाडु | विकलांगों के लिए होम्योपैथिक अनुसंधान संस्थान, चेन्नई |
| 17. | | होम्योपैथी में औषधीय पादप अनुसंधान केंद्र, नीलगिरी |
| 18. | त्रिपुरा | क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्योपैथी), अगरतला |
| 19. | अंदमान और निकोबार | नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्योपैथी), पोर्ट ब्लेयर |
| 20. | पुडुचेरी | नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्योपैथी), पुडुचेरी |
| 21. | उत्तर प्रदेश | डॉ. डी.पी. रस्तोगी केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान , नोएडा, उत्तर प्रदेश |
| 22. | | होम्योपैथिक औषधि अनुसंधान संस्थान (एचडीआरआई) और विस्तार केंद्र, लखनऊ |
| 23. | पश्चिमी बंगाल | डॉ. अंजलि चटर्जी क्षेत्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान, कोलकाता |
| 24. | | नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्योपैथी), सिलीगुड़ी |

**सीसीआरएस के अंतर्गत सिद्ध अनुसंधान केन्द्रों/संस्थानों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार सूची**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | संस्थान / इकाई का नाम |
|---|---|---|
| 1. | तमिलनाडु | केंद्रीय सिद्ध अनुसंधान संस्थान (एससीआरआई), चेन्नई |
| 2. | तमिलनाडु | सिद्ध नैदानिक अनुसंधान इकाई (एससीआरयू), पलायमकोट्टई |

| | | |
|---|---|---|
| 3. | तमिलनाडु | सिद्ध औषधीय पादप उद्यान (एसएमपीजी), मेत्तूर |
| 4. | पुडुचेरी | क्षेत्रीय सिद्ध अनुसंधान संस्थान (एसआरआरआई), पुदुचेरी |
| 5. | केरल | क्षेत्रीय सिद्ध अनुसंधान संस्थान (एसआरआरआई), त्रिवेंद्रम |
| 6. | नई दिल्ली | सिद्ध नैदानिक अनुसंधान इकाई (एससीआरयू), नई दिल्ली |
| 7. | कर्नाटक | सिद्ध नैदानिक अनुसंधान इकाई (एससीआरयू), बेंगलुरु |
| 8. | आंध्र प्रदेश | सिद्ध नैदानिक अनुसंधान इकाई (एससीआरयू), तिरुपति |

**सीसीआरवाईएन के तहत योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान केंद्रों / संस्थानों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार सूची**

| **क्र. सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **संस्थान / इकाई का नाम** |
|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, विजयवाड़ा |
| 2. | छत्तीसगढ़ | केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, रायपुर, |
| 3. | दिल्ली | केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, दिल्ली |
| 4. | झारखंड | केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, देवघर |
| 5. | केरल | केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, कासरगोड |
| 6. | ओडिशा | केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, भुवनेश्वर |
| 7. | राजस्थान | केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, जयपुर |
| 8. | पश्चिमी बंगाल | केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, कल्याणी, (पश्चिमी बंगाल) |